

# दूसरों की मदद करने के लिए सहायता प्राप्त करना

*जब हमें सेवकाई के प्रयासों में मदद की ज़रूरत होती है तो हम दूसरों को कैसे शामिल कर सकतें हैं? सेवकाई साक्षात्कार और प्रथम रविवार की परिषद की बैठकों में भाग लें।*

जब मल्टिपल स्क्लेरोसिस ने कैथी को व्हीलचेयर तक सीमित कर दिया, उसने पाया कि उसे अपनी कुर्सी से बिस्तर पर जाने के लिए हर रात सहायता की ज़रूरत थी| यह काम किसी भी एक सदस्य के लिए बहुत बड़ा था | तो एल्डर्स की परिषद् ने उनकी स्थिति के बारे में सलाह की और हर शाम उसे मदद करने के लिए एक सूचीपत्र तैयार करने का फैसला किया |[1]

जैसे कि हम उन लोगों की जरूरतों और ताकत को जानते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, हम समझते हैं कि हमें उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए सहायता की ज़रूरत है| सेवकाई साक्षात्कार और प्रथम-रविवार की सलाह की बैठक चर्चा करने के दो अवसर हैं दूसरों को उचित रूप से शामिल करने के लिए ।

## सेवकाई साक्षात्कार

सेवकाई बहनों और सहायता संस्था अध्यक्षता के बीच इन त्रैमासिक साक्षात्कार या सेवकाई भाइयों और एल्डर्स पारिषद की अध्यक्षता के एकमात्र औपचारिक रिपोर्ट हैं जो हम बनाते हैं जिनकी हम सेवकाई करते हैं | साक्षात्कार कम से कम एक त्रैमासिक आधार पर एक अवसर है जिसके द्वारा (1) नियुक्त परिवारों और व्यक्तियों की ताकत, ज़रूरतों और चुनौतियों के बारे में सलाह; (2) निर्धारित किया जाए कि परिषद्, सहायता संस्था या वार्ड पारिषद किन ज़रूरतों के लिए सहायता प्रदान कर सकते हैं ; तथा (3) मार्गदर्शकों से सीखें और सेवकाई प्रयासों में प्रोत्साहित हों |

एल्डर्स परिषद् के अध्यक्ष और सहायता संस्था की अध्यक्ष सीधे धर्माध्यक्ष को महत्वपूर्ण जरूरतों के बारे में बताते हैं और उनसे सलाह और दिशा प्राप्त करते हैं |

आप सेवकाई साक्षात्कार के बारे में अधिक जानकारी **ministering.lds.org** से प्राप्त कर सकते हैं |

## सेवकाई साक्षात्कार अर्थपूर्ण बनाना

अध्यक्ष रसेल एम. नेल्सन के बयान का समर्थन करते हुए कि सेवकाई कार्यक्रम एक ऐसा बिंदु होगा जिस पर गिरजे की दिशा लटकेगी, बारह की प्रेरितों के परिषद के एल्डर गैरी ई. स्टीवंसन ने सिखाया, "उनकी दृष्टि की पूर्ति ... इस बात पर पूर्वकथन किया जा सकता है कि सेवकाई भाईयों और बहनों को कितनी अच्छी तरह से सेवकाई साक्षात्कार में शिक्षित और काम करना सिखाया जाता है।"[2]

सेवकाई भाइयों और बहनों के लिए पांच सुझाव:

- सलाह पाने के लिए साक्षात्कार पर जाएं। सीखने के लिए तैयार रहें।
- उन जरूरतों पर चर्चा करने के लिए तैयार रहें जिनके लिए आपको सहायता की आवश्यकता हो सकती है।
- व्यक्ति की ताकत और क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करें, केवल ज़रूरतों पर ही नहीं।
- परिणामों के बारे में चर्चा करें जिसका मतलब है कि आपकी सेवकाई सफल रही है।
- आवश्यकतानुसार त्रैमासिक साक्षातकारों के बीच परामर्श के लिए अध्यक्षता से संपर्क करें।

अधिकारीयों के लिए पांच सुझाव:
* साक्षात्कार के लिए अधिक समय लेने की जरूरत नहीं है, लेकिन एक ऐसी जगह और मिलने के लिए पर्याप्त समय निर्धारित करें जिससे सार्थक बातचीत हो सकती है।
* सेवकाई भाई या बहन की सेवा करने का अवसर लें।
* ऐसे प्रश्न न पूछें जिनसे संकेत मिलता है कि आप बस विज़िट की गिनती कर रहे हैं या संपर्क की जांच कर रहे हैं ("क्या आपने अपनी सेवकाई पूरी की?")| ऐसे प्रश्न पूछें जिससे सही व्यवहार सुदृढ़ बनता है ("आपको परिवार के लिए प्रार्थना करते समय क्या संकेत प्रतीत हुआ? क्या हुआ जब आपने उन संकेतों पर काम किया?")
* ईमानदारी से सुनो और नोट्स बनायें।
* एक साथ सलाह करें | सेवकाई साथी उन लोगों के लिए प्रकटीकरण के हकदार हैं जिन्हें वे सेवकाई के लिए सौंपे गए हैं ।

## सेवकाई साक्षात्कार के बारे में प्रश्न और उत्तर

सेवकाई साक्षात्कार क्या है?

यह सेवकाई भाइयों और एल्डर्स परिषद् की अध्यक्षता के सदस्य के बीच या सेवकाई बहनों और सहायता संस्था की अध्यक्षता के एक सदस्य के बीच एक चर्चा है एक महौल में जो उन्हें पवित्र आत्मा से प्रेरणा लेने और प्राप्त करने की अनुमति देता है| नतीजतन, सेवकाई भाइ और बहन प्रेरित किये जा सकते हैं उद्धारकर्ता की तरीका देखभाल, प्यार, सिखाने और सांत्वना देने के लिए।

क्या इन त्रैमासिक साक्षात्कार को व्यक्तिगत रूप से होना चाहिए?

आम तौर पर वे व्येक्तिगत रूप में किए जाते हैं, यह फोन पर किया जा सकता हैं या ऑनलाइन पर जब आमने-सामने मिलना अव्यवहारिक हो | आम तौर पर, दोनों साथी उपयुक्त होने पर साक्षात्कार में भाग लेना उचित होगा |

सेवकाई साक्षात्कार का उद्देश्य क्या है?

सेवकाई साक्षात्कार भाइयों और बहनों को वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा करने, भविष्य की योजना बनाने और उन व्यक्तियों या परिवारों को आवश्यक सहायता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। यह बात करने का मौका है कि परिषद् और सहायता संस्था कौन से संसाधन प्रदान कर सकते हैं ।

मैं गोपनीय या संवेदनशील मुद्दों से कैसे संभालूं?

सेवकाई भाई-बहन केवल एल्डर्स परिषद् या सहायता संस्था की अध्यक्ष के साथ गोपनीय जानकारी साझा करते हैं - या सीधे धर्माध्यक्ष के साथ | गोपनीय या संवेदनशील जानकारी को पहले रविवार की परिषद की बैठकों में साझा नहीं किया जाना चाहिए।

**आप सेवकाई साक्षात्कार के प्रशिक्षण वीडियो ministering.lds.org पर देख सकते हैं |**

## प्रथम रविवार की परिषद बैठकें

सेवकाई साक्षात्कार के अलावा, प्रथम रविवार की बैठक दूसरों को सेवकाई में शामिल करने का एक और तरीका है | सहायता संस्था और एल्डर्स परिषद् की बैठकों में शामिल लोगों को प्रेरणा पवित्र आत्मा के माध्यम से और समूह में दूसरों के द्वारा मिल सकती है।

परिषद की बैठक का उद्देश्य है कि:
* "स्थानीय जिम्मेदारियों, अवसरों और चुनौतियों के बारे में एक साथ परामर्श करें;
* "एक-दूसरे की अंतर्दृष्टि और अनुभवों से सीखें; तथा
* "पवित्र आत्मा से प्राप्त अनुभवों पर कार्य करने के तरीकों की योजना बनाएं।"[3]

परिषद की बैठकें चर्चाओं से अधिक हैं: बैठकों से पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित होकर हम व्यक्तिगत रूप से या एक समूह के रूप में कार्य करते हैं । सदस्य इन बैठकों के परिणामस्वरूप प्रभु के काम को पूरा करने की इच्छा महसूस कर सकते हैं।

## कार्य करने के लिए निमंत्रण

बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर जेफरी आर. हॉलैंड ने कहा, "आज हमारी प्रार्थना," "यह है कि हर आदमी और महिला-और हमारे बड़े युवक और युवतियां–एक दूसरे के लिए दिल से देखभाल करने के लिए अधिक गहरी प्रतिबद्ध करें, केवल मसीह के पवित्र प्रेम से ऐसा करने के लिए प्रेरित हों।"[4]

### यीशु ने दूसरों को शामिल किया

यीशु ने पांच जौ की रोटी और दो छोटी मछलियों से 5,000 लोगों की भीड़ को खिलाई| पढ़े योहान्ना 6:5–14 यह पहचानने के लिए कि उद्धारकर्ता ने सेवकाई के इस कार्य में कितनी बार दूसरों को शामिल किया।

"सेवकाई के नियम" लेख एक दूसरे की देखभाल करने में हमारी सहायता करने के लिए हैं -- विज़िट के दौरान संदेशों के रूप में साझा नहीं किया जाना चाहिए | जैसा कि हम उन लोगों को जानते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, पवित्र आत्मा हमें यह जानने के लिए प्रेरित करेगा कि हमारी देखभाल और करुणा के अलावा उन्हें किस संदेश की आवश्यकता हो सकती है।

दूसरों की जरूरतों के बारे में सलाह करना सेवकाई साक्षात्कार में मुख्य है| साथ में देखें सेवकाई के नियम का लेख, "उनकी आवश्यकताओं के बारे में सलाह करें" सितम्बर 2018 के प्रकाशन में ।

टिप्पणियाँ

1. See *Mormon Messages* video “Lift,” lds.org/media-library.
2. Gary E. Stevenson, in “Ministering Interviews” (video), ministering,lds.org.
3. *Come, Follow Me—For Melchizedek Priesthood and Relief Society,* in *Ensign* or *Liahona,* Nov. 2017, 140; also available at comefollowme.lds.org.
4. जेफ्फेरी आर. हॉलैंड, “उनके साथ रहो और उन्हें मजबूत करें,” *Ensign* or *Liahona,* May 2018, 103.

© 2018 By All rights reserved. Printed in USA. English approval: 6/17. Translation approval: 6/17. Translation of *Ministering Principles, October 2018.* Hindi. 15053 294